Bal Bharati
PUBLIC SCHOOL
Sector-21, Noida, G.B. Nagar

नवरात्रि मेला एवं डांडिया नृत्य समारोह

‘नवरात्रि का उत्सव आया, लेकर हर्ष और उल्लास
झूम रहे हैं नर और नारी, रख शक्ति में विश्वास’

नवरात्रि मेले की रौनक

नृत्य के लिए उत्साहित छात्राएँ

दिनांक 20 अक्टूबर, 2023 को बाल भारती पब्लिक स्कूल, नॉएडा के प्रांगण में अपनी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने व आपसी सद्भाव के विकास हेतु नवरात्रि मेला एवं डांडिया नृत्य कार्यक्रम का सांय 05:00 बजे से सांय 08:00 बजे तक धूमधाम से आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छात्र - छात्राओं ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर गरबा, डांडिया नृत्य और लाइव संगीत पर शानदार प्रस्तुति दी। विद्यालय के प्रांगण की सजावट इन्द्रधनुषी छटा बिखेर रही थी। खाने - पीने के विभिन्न स्टॉल- पंजाबी, साउथ इंडियन, चायनीज, पिज्जा और विशेष रूप से व्रत के फलाहारी खाने का स्टॉल सभी के आकर्षण का केंद्र बने रहे। डी० जे० पर अपने पसंदीदा गीतों पर थिरकने के लिए हर कोई उत्सुक नज़र आ रहा था। मेले में केवल बच्चों ने ही नहीं बल्कि अभिभावकों, अध्यापिकाओं व विद्यालय के अन्य सदस्यों ने भी डांडिया नृत्य का आनंद लिया।

माननीय प्रधानाचार्या जी व उप प्रधानाचार्या जी ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और नारी शक्ति के प्रति सम्मान भाव प्रकट किया।

पारंपरिक वेश-भूषा में डांडिया प्रस्तुति

संस्कृति एवं सद्भाव का मेल